बरेली, रविवार
5 जुलाई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+4=28

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, II, MIDDLE

# 'सिद्धांतों पर डटे रह कर असंभव को करें संभव'




एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से मनाया गया फाउंडर्स डे .

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (4 July):** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से शनिवार को धूमधाम से फाउंडर्स डे मनाया गया. मेडिकल कॉलेज परिसर में हवन के बाद मुख्य कार्यक्रम एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) स्थित श्रीराम मूर्ति शतिक ऑडिटोरियम में हुआ. इसमें अपने काम के जरिये सराहनीय योगदान देने वाले ट्रस्ट के विभिन्न संस्थानों के एडमिनिस्ट्रेटिव, सपोर्टिंग स्टाफ के साथ शिक्षक एवं डॉक्टर सम्मानित किए गए. ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने अपने जीवन की चुनौतियों का उदाहरण देकर सभी लोगों को सफलता के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि जब कोई बोले- तुम यह काम नहीं कर पाओगे, चुनौती माने और ईश्वर पर भरोसा रख कर उसमें हासिल करें सफलता. फाइंडर्स डे पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रक्तदान कैंप भी आयोजित किया गया. उन्होंने कहा कि 36 वर्ष पहले डेढ़ लोगों से शुरू हुआ एसआरएमएस ट्रस्ट आज 6000 लोगों का बड़ा परिवार है. आज एसआरएमएस ट्रस्ट के 22 से ज्यादा संस्थान संचालित हैं. इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने फाउंडर्स डे पर सभी का स्वागत किया.